हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग...



08 तिरंगे के रंग में रंगा गैरतगंज गूंजा वंदे मातरम...



## खबर संक्षेप

### शासकीय भवनों पर रोशनी के निर्देश दिए

**विदिशा।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के पावन पर्व पर जिले के सभी शासकीय सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। यह निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि प्रकाश की व्यवस्था 14 अगस्त की सायंकाल तक पूर्ण कर ली जाए। इसी प्रकार आमजनों से अपील की गई है कि पुलिस परेड ग्राउंड पर सुबह 9 बजे झंडावंदन के समय अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

### 15 को विदिशा जिले में शुष्क दिवस घोषित

**विदिशा।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को विदिशा जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार 15 अगस्त शनिवार को जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों से शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही मद्य भण्डारगृहों से मदिरा का परिवहन भी निषिद्ध रहेगा। कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित लाइसेंसधारियों को आदेश की तामीली कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

### संजय जैन का निधन, नगर में शोक

**कुरवाई।** नगर के प्रतिष्ठित जैन परिवार में स्व. राजमल जैन के पुत्र



एवं वीरेन्द्र कुमार जैन पूर्व अध्यक्ष वार एसोसिएशन एवं डॉ. पवन कुमार जैन के भतीजे एवं सतीश जैन, सुनील जैन (अब्बू) राहुल,निखिल,के भाई सम्यक के चाचा संजय जैन (संजू भैया) का अकस्मात निधन हो गया है, जिस से नगर में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास मैन बाजार से नए मुक्ति धाम को निकाली गई, जिसमें नगर के व्यापारी जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं अधिवक्ता शामिल हुए। मुक्तिधाम में शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### सोयाबीन की फसल पर इल्लियों का प्रकोप बढ़ा

**विदिशा।** सोयाबीन में अचानक से इल्लियों को प्रकोप बढ़ गया है। हरी इल्ली और काली इल्ली के प्रकोप के कारण किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। किसानों ने बताया की तीन तीन बार दवा डालने के बाद भी यह इल्लियां नहीं मर रही हैं। ऐसे में सोयाबीन की फसल पर संकट छा गया है। किसानों कहा कहना है कि कम बारिश होने की आशंका के चलते धान की बोवनी न कर इस बार सोयाबीन की बोवनी की थी। सोयाबीन के लिए पर्याप्त बारिश भी हुई और खेतों में फसल बहुत अच्छी थी, लेकिन अचानक से इल्लियों का प्रकोप बढ़ गया।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले जिला प्रशासन की तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्वतंत्रता दिवस से पहले शहर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। एक्सीलेंस स्कूल से निकाली गई तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और कई स्कूलों के सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया।

हाथों में तिरंगा लेकर निकले छात्रों ने देशभक्ति के नारे लगाए, जिससे शहर की सड़कें भारत माता के जयकारों से गूंज उठीं। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माधवगंज चौराहे पहुंची। जहां जनप्रतिनिधियों को आम लोगों को संबोधित किया। तिरंगा यात्रा ने शहर में देशभक्ति का माहौल ला दिया है। जगह जगह देशभक्ति कार्यक्रमों की तैयारी चल रही है।



**विदिशा।** यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लेकर शहर के जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक और आमजन हुए शामिल।

**तिरंगे के सम्मान में पूरा देश एकजुट खड़ा रहता है:** माधवगंज चौराहे पर विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि 9 से 17 अगस्त तक राष्ट्रीय भावना जागृत करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। तिरंगा यात्रा देश की एकता और अखंडता का संदेश देती है। तिरंगे के सम्मान में पूरा देश एकजुट खड़ा रहता है। इस दौरान जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



विदिशा। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल कर तैयारियां पूरी की गईं।

**प्रशासनिक तैयारियों भी अंतिम दौर में:** इधर प्रशासनिक तैयारियां भी अंतिम दौर में चल रहीं हैं। पुलिस ग्राउंड को कार्यक्रम के लिए तैयार कर लिया गया है। 15 अगस्त को परेड के साथ स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। परेड दिखने के लिए 15 अगस्त के दिन बड़ी संख्या में शहर के लोग पुलिस ग्राउंड पहुंचते हैं। जिनकी संख्या हजारों में होती है। प्रशासनिक महकमा शेष बची तैयारियों को पूरा करने में जुटा हुआ है।

### हिउस चुनाव: 2 दिन बाद होगी वोटिंग, 2911 मतदाताओं पर 4 प्रत्याशियों की नजर

## पहली बार हाईटेक तरीके से लड़ा जा रहा हिंदू उत्सव समिति चुनाव, प्रचार भी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति का चुनाव अब प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता नजर आ रहा है। मतदान में महज दो दिन शेष हैं और प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। स्थिति यह है कि वोट के लिए मतदाताओं को फोन लगाकर अपील की जा रही है। शहर में जगह-जगह लगे बड़े होर्डिंग और चुनावी कार्यालयों को देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे किसी बड़े चुनाव जैसा माहौल बन गया है। समिति की मतदाता सूची में कुल 2911 मतदाता दर्ज हैं। बावजूद इसके प्रत्याशियों का पूरा जोर केवल इन मतदाताओं तक सीमित नहीं है। करीब एक लाख की आबादी वाले शहर में अपनी मजबूत छवि बनाने और माहौल अपने पक्ष में करने के लिए बड़े स्तर पर प्रचार किया जा रहा है।

### कॉल सेंटर की तर्ज पर चल रहे चुनावी कार्यालय

प्रत्याशियों ने अपने-अपने चुनाव कार्यालय खोल लिए हैं। कार्यालयों में मतदाता सूची और मोबाइल नंबरों के जरिए एक-एक मतदाता से संपर्क किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की टीमें फोन लगाकर मतदान की तारीख, प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह और उनके पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही हैं। कुछ कार्यालयों में बाकायदा कॉल सेंटर की तरह व्यवस्था नजर आ रही है। वहीं, प्रत्याशी स्वयं भी मतदाताओं के बीच पहुंचकर समर्थन मांग रहे हैं। एक प्रत्याशी तो सुबह से शाम तक मतदाताओं के घर-दुकान तक पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से वोट की अपील करते दिखाई दे रहे हैं। विवेकानंद चौराहे से लेकर नीमताल तक शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर प्रत्याशियों के बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए हैं। चुनावी चर्चा भी अब शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से लेकर बाजारों और सामाजिक बैठकों तक पहुंच गई है।

इस चुनाव में शहर के कुछ प्रभावशाली नेताओं की सक्रियता ने मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। समिति के चुनाव में पहली बार इतनी व्यापक चुनावी गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। प्रत्याशियों ने कार्यालय खोलकर मतदाताओं की सूची के आधार पर संपर्क अभियान शुरू किया है। दो दिन बाद होने वाले मतदान से पहले अब हर प्रत्याशी अपनी पूरी ताकत झोंक रहा है। अब सबकी नजर वोटिंग के दिन 16 अगस्त पर टिकी हुई हैं। वर्ष 2014 से संचालित हिंदू उत्सव समिति के इतिहास में यह पहला मौका है, जब अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशियों के नामांकन वापस लेने के बाद अब चार प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें सरदार सिंह रघुवंशी, रामराज दांगी, मिथलेश दांगी और भूपेंद्र रघुवंशी शामिल हैं।



विदिशा। कार्यालय में बैठे सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा बनाए गए प्रत्याशी सरदार सिंह रघुवंशी के समर्थक।

**कार्यालयों में चाय नाश्ता भरपूर:** अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के कार्यालयों में चाय नास्ते का बढ़िया इंतजाम किया गया है। सरदार सिंह रघुवंशी के गुरुद्वारा स्थित कार्यालय में सुबह से शाम तक उनके समर्थकों का तांता लगा हुआ है। वहीं रामराज सिंह दांगी के समर्थक भी लगे हुए हैं। एकमात्र महिला प्रत्याशी मिथलेश दांगी और उनके समर्थक भी कोई कमी नहीं रहने दे रहे हैं। भूपेंद्र रघुवंशी सहित सभी प्रत्याशी सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं।









**नए अध्यक्ष पर नजर**

- 16 अगस्त को होगा मतदान
- हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव
- कुल मतदाता : 2911
- मैदान में प्रत्याशी : 4
- मतदान की तारीख : 16 अगस्त
- छह प्रत्याशियों ने दाखिल किया था नामांकन
- दो प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया

## प्राणघातक हमला करने वाले भाई को पांच साल की सजा

### कुल्हाड़ी से किया था भाई पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम सायर में अपने भाई पर कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी बाबूलाल को न्यायालय ने पांच वर्ष के कठोर कारावास और 2 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार 21 मई 2025 की रात करीब 11 बजे गिरधारी अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान उसके भाई बाबूलाल ने जान से मारने की नीयत से उस पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। कुल्हाड़ी गिरधारी के दाहिने जबड़े में लगी, जिससे गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। चीख-पुकार सुनकर गिरधारी की पत्नी और बेटा मौके पर पहुंचे। उन्हें देखकर आरोपी वहां से भाग गया। घायल गिरधारी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल विदिशा लाया गया। इसके बाद उसने थाना करारिया में घटना की देहाती नालसी दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पूरी करने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता हिम्मत सिंह कुशवाह ने साक्ष्य और दस्तावेज प्रस्तुत कर घटना को प्रमाणित किया। सत्र न्यायाधीश श्री शेख सलीम ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी बाबूलाल को दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं 2 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

## 15 साल से फरार स्थाई वारंटी को कुरवाई पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी उपस्थित नहीं हुआ।

अपराधियों और फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुरवाई पुलिस ने करीब 15 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार वर्ष 2011 के अपराध में लाल मिया पिता वसीर कुरैशी निवासी ग्राम भाल बामोरा थाना पठारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज था। जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ, जिस पर स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने लगातार तलाश और पतारसी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के वारंट की तामील कराई।

कार्रवाई में निरीक्षक आरके मिश्रा, उपनिरीक्षक रघुपति यादव, प्रआर कमल सिंह, आरक्षक इन्द्राज सिंह, नीतेश एवं उवेश खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मंडलम अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र दिए गए

**ग्यारसपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्यारसपुर की संगठन बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन को बूथ तक मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। ब्लॉक कार्यकारणी एवं मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र दिए गए। पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, जिला प्रभारी राजेश रघुवंशी, जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी संगठन, आनंद प्रताप सिंह, अनुमाचार्य, नीतू सिंह, आकाश शर्मा की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्यारसपुर से अरविंद सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, दीक्षा लोधी, जीवन लाल, लीलाधर कुशवाह, अनीश खान, जगन्नाथ, नारायण सिंह, राजेंद्र सिंह, धीरज सिंह, महाराज सिंह, हुकम कुशवाह, दीपेश दांगी, दिनेश गौड़, रुद्र यादव, निर्भय लोधी, कमलेश शर्मा, हरेंद्र यादव आदि शामिल हुए।

## 48 घंटे में दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई करते हुए आनंदपुर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के गंभीर मामले में आरोपी को महज 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में एएसपी मोनिका तिवारी एवं एसडीओपी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। आनंदपुर थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आरोपी बृजेश पिता लखन शर्मा (26) निवासी विदिशा को आनंदपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। कार्रवाई में उप निरीक्षक राकेश रघुवंशी सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

**जाम में फंसे सैकड़ों वाहन**



विदिशा। गुरुवार को एक्सीलेंस स्कूल के सामने जाम लगने से वाहन फंसे रहे।

## ई-साक्ष्य और ई-विवेचना का प्रशिक्षण दिया, विवेचना को बनाया जाएगा अधिक पारदर्शी व तकनीक-सक्षम

### डिजिटल पुलिसिंग की दिशा में विदिशा पुलिस की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विदिशा पुलिस द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-साक्ष्य एवं ई-विवेचना प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। 12 अगस्त को थाना लटेरी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुभाग लटेरी के अंतर्गत आने वाले सभी थानों के थाना प्रभारी, पुलिस स्टाफ एवं विवेचक शामिल हुए।

कार्यक्रम एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे की उपस्थिति में आयोजित हुआ। जिला विदिशा की सीसीटीएनएस टीम ने पुलिसकर्मियों को दोनों डिजिटल प्रणालियों की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और विवेचना के दौरान उनके व्यवहारिक इस्तेमाल की जानकारी दी। विदिशा पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक के उपयोग के माध्यम से स्मार्ट पुलिसिंग को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।



**टैबलेट के माध्यम से सीखा डिजिटल साक्ष्य संकलन**

प्रशिक्षण में विवेचक अपने टैबलेट लेकर पहुंचे। उन्हें डिजिटल माध्यम से साक्ष्य संकलन, विवेचना प्रक्रिया और तकनीकी सुविधाओं के उपयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन प्रणालियों के प्रभावी उपयोग से विवेचना को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

### पुलिस जवानों और विभिन्न दलों ने मार्च पास्ट किया

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल एडीएम ने किया ध्वजारोहण, परेड का निरीक्षण

**फाइनल रिहर्सल में सामने आई कमियों को मुख्य समारोह से पहले दूर कर लिया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में 15 अगस्त के मुख्य समारोह की अंतिम रिहर्सल की गई। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने ध्वजारोहण कर सभी गतिविधियों का जायजा लिया और खुली जिप्सी में परेड का निरीक्षण किया।

रिहर्सल के दौरान परेड कमांडर के नेतृत्व में पुलिस जवानों और विभिन्न दलों ने मार्च पास्ट किया। जवानों ने अनुशासन, कदमताल और सलामी का अभ्यास किया। अपर कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के संदेश वाचन का भी अभ्यास किया। इसके बाद मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन हुआ। रिहर्सल में हर्ष फायर के बाद रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अभ्यास किया गया। अधिकारियों ने समारोह स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कमियों को समय पर दूर करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह इस वर्ष भी गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फाइनल रिहर्सल में सामने आई कमियों को मुख्य समारोह से पहले दूर कर लिया जाएगा। परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 15 अगस्त को होने वाले मुख्य समारोह में ध्वजारोहण, परेड, सलामी, मुख्यमंत्री के संदेश वाचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। प्रशासन और पुलिस विभाग समारोह को व्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



विदिशा। फाइनल रिहर्सल के दौरान एसडीएम ने ली परेड की सलामी।


15 अगस्त
समस्त देशवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य से -
आर.पी सिंह
एसडीओ - लोक निर्माण विभाग सिरोंज
देवी सिंह मरकोले
एसडीओ - पीएचई विभाग सिरोंज
अनुज धाकड
एस.ए.डी.ओ कृषि विभाग सिरोंज
कमलेश कुमार
सिचांई विभाग सिरोंज
पंकज बरथरे
रजिस्टार - उप पंजीयक कार्यालय सिरोंज
शराफत अली
ए.ई बिजली विभाग सिरोंज
अमान सिंह कुशवाह
जे.ई बिजली विभाग सिरोंज
राजीव कुमार रंजन
ए.ई ग्रामीण विद्युत मण्डल सिरोंज
सचिव
कृषि उपज मण्डी सिरोंज
सुनील वर्मा
वनोपज समिति सिरोंज
प्यारे लाल
वनोपज समिति सिरोंज
नागेन्द्र पाण्डेय
वेयद हाउस सिरोंज
पुष्पेन्द्र ठाकुर
निरीक्षक आबकारी विभाग सिरोंज
डॉ भूपेन्द्र सिंह
पशु चिकित्सालय सिरोंज
भारत माता की जय ★ वंदे मातरम्


समस्त देशवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री मति रीना मालवीय
अधीक्षिका,
नेता जी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास सिरोंज
.....
अधीक्षिका,
शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सिरोंज
श्रीमति राहत जहां
अधीक्षिका,
जूनियर कन्या बालिका छात्रावास सिरोंज
श्रीमति ऋतु दांगी
अधीक्षिका,
खण्ड स्तरीय सीनियर बालिका छात्रावास सिरोंज
श्रीमति ममता सूर्यवंशी
अधीक्षिका,
सीनियर बालिका छात्रावास सिरोंज
महाराम अहिरवार
अधीक्षक,
सीनियर बालक छात्रावास सिरोंज
गोलू धाकड़
अधीक्षक,
जूनियर बालक छात्रावास सिरोंज
के.ए सेन
अधीक्षक,
अनु-जाति सीनियर बालक छात्रावास मुगलसराय सिरोंज
.....
अधीक्षिका,
बालिका छात्रावास मुगलसराय सिरोंज
15 AUGUST
जय हिन्द
जय भारत
आइए, मिलकर देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी का संकल्प लें
और भारत को और भी महान बनाएं!


समस्त देशवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ST.JOSEPHCONVENTHr.Sec.SCHOOL SIRONJ
ST. JOSEPH
CONVENT
HIGHER SECONDARY SCHOOL
SIRONJ
आज़ादी की ये खासियत है,
हम सब की ये ज़िम्मेदारी है।
15 अगस्त
जय हिंद


15 अगस्त
जय हिन्द
जय भारत
समस्त देशवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज विश्वकर्मा
पटवारी
उमेश शर्मा
पटवारी
सुनील यादव
अध्यक्ष पटवारी संघ सिरोंज
आइए, मिलकर देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी का संकल्प लें
और भारत को और भी महान बनाएं!


समस्त क्षेत्रवासियो को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आइये, हम सब मिलकर देश की एकता, अखंडता
और विकास के लिए संकल्पित हों और
भारत को विश्व का सर्वोश्रेष्ठ राष्ट्र बनाएं।
- सौजन्य से -
मार्केटिग सोसाइटी सिरोंज


समस्त देशवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त
जय हिंद... जय भारत...
सौजन्य से -
समीर भार्गव
अध्यक्ष:- अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज
जीयो बी.पी रिलायंस पेट्रोल पम्प बैरांभिया


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं!
वन विभाग
संरक्षण ही हमारा कर्तव्य
आइए, देश की आज़ादी के इस पावन पर्व पर
हम सब मिलकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति
के लिए समर्पित रहने का संकल्प लें।
सौजन्य से -
सुधीर पटले एसडीओ
वन विभाग सिरोंज


15 अगस्त
समस्त देशवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आज़ादी की यह कहानी,
हर भारतवासी की जुबानी...
आओ मिलकर करें देश का मान,
बनाएँ भारत महान।
राहुल धाकड़
ए.ई - जनपद पंचायत सिरोंज
जय हिन्द!
वंदे मातरम!


महिला एवं बाल विकास विभाग सिरोंज
की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियो को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
सौजन्य से -
महिला एवं बाल विकास विभाग सिरोंज


समस्त देशवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
15 अगस्त
की हार्दिक शुभकामनाएं
Indane
Indane
सौजन्य से -
प्रदीप शर्मा
हीरा गैस एजेंसी सिरोंज

## खबर संक्षेप

### बेहलोट बायपास पर मिला युवक का शव

**गंजबासौदा।** गुरुवार को सुबह के समय बेहलोट बायपास मार्ग स्थित जैन मंदिर गली के पास एक युवक का शव मिला। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच के बाद मृतक की पहचान निखिल तिवारी (30) के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और फिर उसे परिजनों को सौंप दिया। शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### मांस विक्रय की दुकान हटाने सौंपा आवेदन

**गंजबासौदा।** गुरुवार को बेहलोट बायपास स्थित श्री 1008 चंद्रप्रभु जिनालय कॉलोनी के सामने संचालित हो रही मांस विक्रय की दुकान को हटाने की मांग को लेकर अभय सेना एवं कॉलोनी के स्थानीय निवासियों ने एसडीएम अनुभा जैन को एक आवेदन सौंपा। जिसमें शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। आवेदन में रहवासियों ने बताया कि उक्त दुकान रिहायशी क्षेत्र में तथा जैन मंदिर के समीप संचालित की जा रही है। उनके अनुसार दुकान से निकलने वाले मांस के अवशेष खुले में फेंके जाने से क्षेत्र में दुर्गंध एवं गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है तथा आवारा कुत्तों सहित अन्य पशु-पक्षियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे स्थानीय निवासियों, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभय सेना एवं स्थानीय रहवासियों ने इस मामले को लेकर पूर्व में भी आवेदन दिया था। जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद कुछ दिनों के लिए दुकान बंद रही थी, लेकिन अब यह पुनः संचालित होने लगी है। अभय सेना एवं स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल जांच कर दुकान के संचालन की वैधता, आवश्यक लाइसेंस एवं अनुमतियों की जांच की जाए।

**हरिभूमि चर्चा:** पंच से पार्लियामेंट तक - डॉ. लता वानखेड़े का संघर्ष, सेवा और सफलता का सफर

# गांव की पंचायत से शुरू हुआ राजनीतिक सफर आज देश की संसद तक पहुंचा

**सांसद के राजनैतिक सफर में क्षेत्र को मिलीं अभूतपूर्व और ऐतेहासिक उपलब्धियां**

राजीव जैन सैनानी ⏭ सिरोंज

राजनीति में बड़े मुकाम तक पहुंचने के लिए केवल बड़े राजनीतिक परिवार या किसी बड़े पद से शुरुआत जरूरी नहीं होती। जमीनी स्तर पर जनता के बीच रहकर काम करने वाला व्यक्ति भी अपनी मेहनत, संघर्ष और जनसेवा के दम पर देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था संसद तक पहुंच सकता है। सागर लोकसभा क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े का राजनीतिक सफर इसी बात की मिसाल है। पंचायत में पंच के रूप में शुरू हुआ उनका सफर आज लोकसभा सांसद के रूप में देश की संसद तक पहुंच चुका है। डॉ. लता वानखेड़े का जन्म 24 फरवरी 1970 को दमोह जिले के पथरिया में हुआ। उनके पिता का नाम केशवराव बोध और माता का नाम लीला बोध है। उनका विवाह 30 मई 1990 को नंदकिशोर वानखेड़े से हुआ। उनके परिवार में एक पुत्र है। संसद की आधिकारिक जीवनी के अनुसार उनका व्यवसाय कृषि है।

**ग्राम पथरिया को मिली बडी सौगात, आज होगा नवीन उप डाकघर का शुभारंभ**

### शिक्षा को बनाया अपनी ताकत

डॉ. लता वानखेड़े ने राजनीति के साथ शिक्षा क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने अर्थशास्त्र, पत्रकारिता और समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद समाजशास्त्र में पीएचडी की। संसद की आधिकारिक प्रोफाइल में उनकी शैक्षणिक योग्यता एमए (अर्थशास्त्र), एमए (पत्रकारिता), एमए (समाजशास्त्र) और पीएचडी (समाजशास्त्र) दर्ज है। उनकी उच्च शिक्षा ने सामाजिक मुद्दों, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण के प्रति उनकी समझ को और मजबूत किया।

### 1995 में पंच बनकर शुरू हुआ राजनीतिक सफर

डॉ. लता वानखेड़े के अनुसार उनकी राजनीतिक जीवन की असली शुरुआत 1995 में ग्राम पंचायत मकरोनिया बुजुर्ग से हुई, जहां उन्होंने पंच का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यहीं से उन्होंने गांव की गलियों और आम लोगों के बीच रहकर जनसेवा की शुरुआत की। करीब पांच वर्ष तक पंच के रूप में काम करने के बाद वर्ष 2000 में उन्होंने सरपंच का चुनाव जीता। इसके बाद उनका जनाधार लगातार मजबूत होता गया और वे लगातार तीन बार सरपंच निर्वाचित हुईं तथा वर्ष 2015 तक पंचायत का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया पंच से सरपंच तक का यह सफर उनके लिए केवल राजनीतिक पदों की सीढ़ी नहीं था, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को करीब से समझने और उनके समाधान के लिए काम करने का अवसर भी था।

**त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में भी बनाई पहचान**

पंचायत स्तर पर काम करते हुए डॉ. वानखेड़े की सक्रियता केवल अपनी ग्राम पंचायत तक सीमित नहीं रही। वे त्रिस्तरीय पंचायती राज महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष भी तीन बार चुनी गईं। इससे उन्हें प्रदेशभर के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ काम करने और ग्रामीण प्रशासन से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर उठाने का अवसर मिला। यही जमीनी अनुभव आगे चलकर उनके राजनीतिक जीवन की महत्वपूर्ण पूंजी बना।

**भाजपा संगठन में बढ़ी जिम्मेदारियां:** पंचायत स्तर पर सक्रिय राजनीति के बाद डॉ. लता वानखेड़े भारतीय जनता पार्टी के संगठन में आगे बढ़ीं। उन्होंने बताया पार्टी संगठन के विभिन्न दायित्वों पर कैसे काम किया और चुनावी राजनीति के साथ संगठन निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाई। वर्ष 2013 के आसपास उन्हें भाजपा संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलीं और उन्होंने प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के कार्यक्रमों और चुनावी अभियानों में सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने लगभग 150 विधानसभा क्षेत्रों में बैठकों को संबोधित किया तथा अमेठी सहित विभिन्न चुनावी अभियानों में भूमिका निभाई।

**महिला आयोग की अध्यक्ष बनीं:** डॉ. लता वानखेड़े के राजनीतिक जीवन में वर्ष 2016 एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा, जब उन्हें मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। यह पद उनके लिए केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रदेश की महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर सीधे काम करने का बड़ा अवसर था। महिला आयोग के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने महिला उत्पीड़न, अधिकारों और सामाजिक न्याय से जुड़े मामलों पर काम किया।

**संगठन से संसद तक पहुंचने का अवसर:** लगातार संगठनात्मक और सामाजिक गतिविधियों के कारण डॉ. लता वानखेड़े की पहचान भाजपा की जमीनी नेता के रूप में मजबूत होती गई। पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक काम करने के बाद वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें सागर लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया। सागर लोकसभा क्षेत्र में उनका मुकाबला कांग्रेस के चंद्रभूषण सिंह बुंदेला उर्फ गुड्डू राजा से हुआ। चुनाव परिणाम में डॉ. लता वानखेड़े ने 7,87,979 वोट प्राप्त किए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 3,16,757 वोट मिले। उन्होंने 4,71,222 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आधिकारिक आंकड़ों में यह जीत दर्ज है। यह जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं थी, बल्कि पंचायत से शुरू हुए करीब तीन दशक लंबे राजनीतिक सफर का सबसे बड़ा पड़ाव था। वर्ष 2024 में वे 18वीं लोकसभा की सदस्य निर्वाचित हुईं और सागर की राजनीति में महिला नेतृत्व का एक महत्वपूर्ण चेहरा बनकर उभरीं।

### संसद में सागर की आवाज

सांसद बनने के बाद डॉ. लता वानखेड़े ने संसद में सागर क्षेत्र से जुड़े विकास के मुद्दों को उठाना शुरू किया। संसद की कार्यवाही में उन्होंने सागर में धाना एयर स्ट्रिप के विकास और हवाई सेवा शुरू करने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सागर संभागीय मुख्यालय है और यहां मेडिकल कॉलेज, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय तथा सेना की बड़ी छावनी जैसे महत्वपूर्ण संस्थान मौजूद हैं। संसद की आधिकारिक जानकारी के अनुसार वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संबंधी समिति की सदस्य हैं तथा सांसदों के वेतन एवं भत्तों संबंधी संयुक्त समिति में भी सदस्य के रूप में कार्य कर रही हैं।

**संसद में सक्रियता का रिकॉर्ड:** 18वीं लोकसभा में डॉ. लता वानखेड़े की संसदीय सक्रियता भी दर्ज हुई है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उनकी लोकसभा उपस्थिति 87 प्रतिशत रही है, उन्होंने 21 बहसों में भाग लिया और 99 प्रश्न पूछे। ये आंकड़े उनके संसद में सक्रिय भागीदारी की तस्वीर पेश करते हैं।

### महिलाओं और ग्रामीण समाज से जुड़ाव बना पहचान

डॉ. लता वानखेड़े के राजनीतिक जीवन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में ग्रामीण पृष्ठभूमि और महिलाओं से जुड़ा उनका काम माना जाता है। पंच और सरपंच रहते हुए उन्होंने पंचायत व्यवस्था को करीब से देखा, पंचायती राज महासंघ के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों के मुद्दों से जुड़ीं और महिला आयोग की अध्यक्ष रहते हुए महिला संबंधी मामलों पर काम किया। इसी वजह से उनका राजनीतिक सफर केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं रहा। उनकी राजनीति में पंचायत, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक न्याय जैसे विषय लगातार दिखाई देते हैं। उनकी आधिकारिक प्रोफाइल भी इन्हीं क्षेत्रों को उनके प्रमुख फोकस एरिया के रूप में रेखांकित करती है।

**पंच से पार्लियामेंट तक एक प्रेरक राजनीतिक यात्रा:** डॉ. लता वानखेड़े की कहानी उस राजनीतिक यात्रा को दर्शाती है जिसमें ग्राम पंचायत के पंच पद से शुरुआत करने वाली एक महिला नेता ने सरपंच, पंचायती राज संगठन की प्रदेश अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और भाजपा संगठन की जिम्मेदारियों से होते हुए देश की संसद तक का सफर तय किया। सागर लोकसभा से बड़ी जीत के साथ संसद पहुंचने वाली डॉ. लता वानखेड़े के सामने अब चुनौती अपने लंबे जमीनी अनुभव को संसदीय कार्यों में बदलने की है। पंचायत के स्तर पर जनता की समस्याओं को करीब से देखने के बाद अब उनके पास उन्हीं समस्याओं की आवाज संसद तक पहुंचाने का अवसर है। यही कारण है कि उनका सफर "पंच से पार्लियामेंट" तक पहुंचने वाली एक उल्लेखनीय राजनीतिक यात्रा के रूप में देखा जा सकता है।

**एक नजर में डॉ. लता वानखेड़े का सफर...**



- 1970 में दमोह जिले के पथरिया में जन्म।
- 1990 में नंदकिशोर वानखेड़े से विवाह।
- 1995 में मकरोनिया बुजुर्ग ग्राम पंचायत से पंच निर्वाचित।
- 2000 में पहली बार सरपंच निर्वाचित।
- 2000-2015 से लगातार तीन बार सरपंच के रूप में जिम्मेदारी।
- पंचायती राज काल, त्रिस्तरीय पंचायती राज महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष तीन बार रहीं।
- 2013 के बाद से भाजपा संगठन एवं चुनावी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका।
- 2016-2019 में मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष।
- 2024 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में सागर लोकसभा चुनाव जीता।
- जून 2024- 18वीं लोकसभा की सदस्य बनीं।
- 2024 से संसद में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संबंधी समिति सहित विभिन्न संसदीय जिम्मेदारियों का निर्वहन।

### पथरिया में नवीन उप डाकघर का आज होगा शुभारंभ

भारत सरकार एवं भारतीय डाक विभाग के निर्देशानुसार पथरिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नवीन उप डाकघर का शुभारंभ किया जा रहा है। नवीन उप डाकघर का गरिमामय शुभारंभ समारोह आज दोपहर 2 बजे पुलिस थाने के समीप पथरिया में आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. लता वानखेड़े, सांसद, सागर-विदिशा लोकसभा क्षेत्र तथा विशेष अतिथि कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे विधानसभा क्षेत्र के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं नवीन पथरिया उप डाकघर के प्रारंभ होने से पथरिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को डाक विभाग की विभिन्न सेवाएं अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। प्रारंभिक स्तर पर उप डाकघर में आधार पंजीकरण एवं आधार अद्यतन केंद्र का संचालन भी किया जाएगा। इससे क्षेत्र के नागरिकों को आधार संबंधी कार्यों के लिए दूरस्थ केंद्रों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा नागरिकों को डाक बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा सहित डाक विभाग की अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ भी स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा।

**इन क्षेत्रों को मिलेगा लाभ:** नवीन पथरिया उप डाकघर के अंतर्गत बामोरी शाखा डाकघर, दीपानखेड़ा, करैयाहाट, ताल, नरखेड़ाताल, कुंदनपुर, घटवार, उनारसी खुर्द, रूसल्ली दामा सहित संबंधित ग्रामों को डाक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन क्षेत्रों के ग्रामों का पोस्टल पिन कोड 464225 रहेगा। भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं का विस्तार करते हुए नागरिकों को उनके निकटस्थ स्थान पर बेहतर एवं सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। उप डाकघर के प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों को डाक सेवाओं के साथ-साथ बचत बैंक, बीमा, आधार पंजीकरण एवं अद्यतन सहित विभिन्न सुविधाओं का लाभ अपने ही क्षेत्र में मिल सकेगा। भारतीय डाक विभाग ने क्षेत्र के नागरिकों से 14 अगस्त को आयोजित शुभारंभ समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

## नवनियुक्त एल्डरमैन का किया स्वागत, नगर परिषद के सभी एजेंडे सर्वसम्मति से पारित हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

नगर परिषद कुरवाई की सामान्य सभा की बैठक गुरुवार को नगर परिषद सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सबसे प्रमुख आकर्षण नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) का स्वागत-सम्मान रहा।

नवनियुक्त एल्डरमैन दिनेश सोनी, जगदीश साहू, राजमल जैन एवं वरुण चौबे का कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, नगर परिषद अध्यक्ष आयशा हसरूद्दीन खान, उपाध्यक्ष इरफान काजी, सीएमओ गीता मांझी सहित सभी पार्षदों द्वारा पुष्पहार पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने नवनियुक्त एल्डरमैनों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक में परिषद की कार्यसूची में शामिल विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें गत सम्मेलन की पुष्टि, नवनियुक्त एल्डरमैनों के शपथ ग्रहण, ट्रेंचिंग ग्राउंड पर एकत्र कचरे के निष्पादन, सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाले अपशिष्ट रखने वालों पर अर्थदंड तथा विगत वर्षों से कार्यरत दैनिक श्रमिकों की स्वीकृति सहित अन्य विषय शामिल रहे। चर्चा के बाद बैठक में रखे गए सभी एजेंडों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के अंत में नगर परिषद अध्यक्ष आयशा हसरूद्दीन खान ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार माना।

# हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग ने निकाली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



हर घर तिरंगा अभियान के तहत गर्ल्स कॉलेज, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस तथा शासकीय आदर्श महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर से राष्ट्रगान के साथ हुआ। अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने हाथ में राष्ट्रध्वज लेकर रैली को रवाना किया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की प्राचार्य डॉ. वनिता बाजपेई भी तिरंगा लेकर रैली में शामिल हुईं। इससे विद्यार्थियों में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का उत्साह और अधिक बढ़ गया। तिरंगा रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर मेडिकल चौराहा होते हुए गांधी चौक पहुँची, जहाँ "वंदे मातरम" राष्ट्रगीत के साथ रैली का समापन किया गया। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत नारों के माध्यम से तिरंगे के सम्मान और देश की एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रध्वज राष्ट्रगान एवं संविधान जो कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक हैं का सदैव सम्मान करे और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने में अपना बलिदान देने को तत्पर रहें।

## नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा


मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के सेक्टर गमाखर एवं महौली में नवांकुर संस्था द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्कूल प्राचार्य, सरपंच, पंच, नवांकुर संस्था के हजारीलाल पाटस्कर सहित ग्रामीणजन एवं माता-बहनों की उपस्थिति में हुआ। यात्रा ग्राम के हनुमान मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई। नवांकुर सखियों ने कलश एवं पौधे लेकर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गाने बजाने के साथ गांव में यात्रा निकाली। यात्रा का समापन ग्राम के प्रकटेश्वर शिव मंदिर पर हुआ, जहां सभी माता-बहनों ने भगवान शिव को जल अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर सखियों को 11-11 थैलियों में बीज उपलब्ध कराए गए। सखियों ने इन बीजों को अंकुरित कर पौधों के रूप में विकसित करने तथा उन्हें अपने खेत की मेड़ एवं सार्वजनिक स्थानों पर रोपित कर पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला, पुरुषों से पर्यावरण के हित में एक-एक पौधा लगाने का आग्रह किया गया। इस मौके पर ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

## सक्सेना तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मध्य प्रदेश शासकीय तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय मिश्रा ने जिला अध्यक्ष पद पर शासकीय सेवकों की समस्याओं को उठाने वाले एकीकृत माध्यमिक शाला स्टेशन एरिया में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक शिव नारायण सक्सेना को मनोनीत किया है। सक्सेना की नियुक्ति पर इष्ट मित्रों, कर्मचारी साथियों ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए सक्सेना को शुभकामनाएं दी हैं।




## विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विधायक हरिसिंह रघुवंशी के जन्मदिन के अवसर पर ग्यारसपुर मंडल में विभिन्न सेवा एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भाजपा मंडल ग्यारसपुर के कार्यकर्ताओं ने विधायक जी के जन्मदिन को सेवा और आस्था के रूप में मनाया। मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर के नेतृत्व में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एनआरसी वार्ड में पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।इसके साथ ही खाजिया बाग स्थित श्री हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने सुंदरकांड का पाठ कर विधायक हरिसिंह रघुवंशी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर महामंत्री शिवराज रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष कैलाश प्रजापति, गोविंद दास बैरागी, एडवोकेट राघवेंद्र शर्मा, भागवत लोधी, आदेश जैन, बलराम कुशवाहा, द्वारका प्रसाद विश्वकर्मा, फिरोज खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाबूजी की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह आयोजित

**गंजबासौदा।** स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में समाजसेवी स्वर्गीय रतनचंद ओसवाल बाबूजी की 24 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बासौदा शिक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने स्वर्गीय बाबूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, एवं उनके द्वारा शिक्षा राजनीति,समाज सेवा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया गया। साथ ही समिति द्वारा नगर में साहित्य, पर्यावरण, रक्त सेवा ,समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया।




**न्यायालय तहसीलदार तहसील (शहर) विदिशा म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 597/अ-6/2026-27
श्री नारायणसिंह पुत्र श्री तुलसीराम किरार निवासी विदिशा .....आवेदक
- वनाम-
1-श्रीमति अनुराधा तिवारी पत्नि श्री अशोक तिवारी .....अनावेदक

//इश्तहार//

एतद् द्वारा सूचना सर्वे साधरण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्री नारायणसिंह पुत्र श्री तुलसीराम किरार निवासी विदिशा द्वारा आवेदन पत्र धारा-109,110 के तहत पेश कर आवेदिका द्वारा ग्राम तमोरिया प.ह.नं. 04 तहसील नगर विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं. 20/1/4/1 रकवा 0.198हे मे से 480 वर्गफिट भूखण्ड विक्रेता श्रीमति अनुराधा तिवारी पत्नि श्री अशोक तिवारी से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 3771 दिनांक 20.03. 2008 से क्रय किया गया है। विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण कियें जाने का निवेदन किया है। आवेदक के आवेदन पर इस न्यायालय में प्र.क्र. 597/अ-6/2026-27 पंजीबद्व किया जाकर विचाराधीन है। प्रकरण में अगली सुनवाई नियत दिनांक 18/08/2026 है।

अतः इस संबंध में ऐसे सभी व्यक्तियों को जो उक्त भूमियों में हित रखते हो, सूचित किया जाता है कि वह या तो स्वयं अथवा अपने अभिभषक के माध्यम से नियत दिनांक 18/08/2026 को उपस्थित हों ओर अपनी आपत्तियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपात्ति/दावा पर विचार नही किया जावेगा।

तहसीलदार
तहसील नगर विदिशा

**न्यायालय तहसीलदार तहसील (शहर) विदिशा मप्र**

प्रकरण क्रमांक 0890/अ-6/2026-27
रामगोपाल शर्मा पुत्र स्व. श्री कामता प्रसाद शर्मा निवासी विदिशा .....आवेदक
वनाम
मप्र शासन..... अनावेदक
इश्तहार

एतद् द्वारा सूचना सर्वे साधरण को सूचित किया जाता है आवेदक रामगोपाल शर्मा पुत्र स्व. श्री कामता प्रसाद शर्मा निवासी विदिशा द्वारा आवेदन पत्र धारा-109,110 के तहत पेश कर आवेदिका द्वारा ग्राम कस्वा विदिशा प.ह.न. 60 तहसील नगर विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं. 652/3/2 रकवा 1.432 हे.मे से 2400 वर्गफिट भूखण्ड विक्रेता जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री भमरलाल सोनी से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 2568 दिनांक 06.12.2001 से क्रय किया गया है। विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण कियें जाने का निवेदन किया है। आवेदक के आवेदन पर इस न्यायालय में प्र.क्रं. 890/अ-6/2026-27 पंजीबद्ध किया जाकर विचाराधीन है। प्रकरण में अगली सुनवाई नियत दिनांक 18.08.26 है। अतः इस संबंध में ऐसे सभी व्यक्तियों को जो उक्त भूमियों में हित रखते हों, सूचित किया जाता है कि वह या तो स्वयं अथवा अपने अभिभषक के माध्यम से नियत दिनांक 18.8.26 को उपस्थित हों ओर अपनी आपत्तियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
तहसील नगर विदिशा

**बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स बरींघाट**

पंजीयन क्रमांक 8427/16/10/1957 दिनांक 7/8/26

वार्षिक सूचना पत्र

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बरींघाट के सभी अंशधारी सम्मानिय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 27/8/26 दिन गुरुवार को दोपहर एक बजे से संस्था कार्यालय बरींघाट मुख्यालय गुलाबगंज संस्था के ठहराव क्रमांक दिनांक 7/8//26 के अनुसार तय की गई है गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है

शिवराज सिंह राजपूत
समिति प्रबंधक
बी पेक्स बरींघाट

किशोर कुमार अहिरवाल
प्रशासक
बी पेक्स बरींघाट

### बीसी-सीसी की नियुक्तियां अटकीं, अभी अधिकारी मैरिट लिस्ट बनाने में जुटे

# स्कूलों की नहीं हो रही मॉनिटरिंग कार्यालयों तक सिमटा जिला शिक्षा विभाग का अमला

## जिला मुख्यालय के अधिकारी भी नहीं कर रहे नियमित निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर सहित जिले में कक्षा पहली से बारहवीं तक के सरकारी स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग के लिए सीआरसी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक और प्रभारी जिला परियोजना समन्वयक विनय दीक्षित स्तर तक जिम्मेदारियां तय हैं। स्कूलों में नियमित कक्षाएं लगें, शैक्षणिक स्तर सुधरे और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की निगरानी हो, इसके लिए अधिकारियों को हर महीने निर्धारित संख्या में स्कूलों का निरीक्षण करना होता है। इसके बावजूद इन दिनों जिला शिक्षा विभाग जिला शिक्षा केंद्र की मॉनिटरिंग व्यवस्था सुस्त नजर आ रही है। विभागीय अमला स्कूलों की बजाय कार्यालयों तक सीमित दिखाई दे रहा है।

- स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था की निगरानी प्रभावित

कक्षा पहली से आठवीं तक के स्कूलों की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सीआरसी, बीएसी, एपीसी और जिला परियोजना समन्वयक को सौंपी गई है। लेकिन सीआरसी और बीएसी की नई नियुक्तियों की प्रक्रिया अटकने से व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं, एपीसी, बीएसी कार्यालय और मुख्यालय में रहकर काम करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ऐसे में सरकारी स्कूलों तक पहुंचकर निरीक्षण करने की व्यवस्था कमजोर पड़ गई है।



### हर महीने 15 स्कूलों की मॉनिटरिंग का है प्रावधान

कक्षा पहली से आठवीं तक के स्कूलों की बात करें तो सीआरसी यानी जनशिक्षक को अपने जनशिक्षा केंद्र के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में हर महीने करीब 15 स्कूलों की मॉनिटरिंग करना होती है। इसके लिए मोबाइल एप पर निरीक्षण के दौरान उपस्थिति दर्ज कराने के साथ संबंधित स्कूल में करीब दो घंटे का समय भी देना होता है। इसी तरह कुछ बीआरसी स्तर के अधिकारियों के लिए भी निर्धारित संख्या में स्कूलों की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी तय है।

### बैठकों और विभागीय काम में व्यस्तता का हवाला

जिला शिक्षा केंद्र के प्रभारी परियोजना समन्वयक विनय दीक्षित का कहना है कि विभागीय बैठकों, प्रशासनिक कार्यों और अन्य जिम्मेदारियों के कारण अधिकारी लगातार फील्ड में नहीं निकल पा रहे हैं। जिला शिक्षा केंद्र में पांच एपीसी सदस्य हैं। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दो सहायक संचालक, बीईओ, बीआरसी और अन्य अधिकारी भी हैं। इसके बावजूद स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

### अब स्कूल के विद्यार्थियों की ऑनलाइन होगी मॉनिटरिंग

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू होने के बाद अब कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की उपस्थिति भी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर विद्यार्थियों की ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति की निगरानी करना और स्कूलों में उपस्थिति का रिकॉर्ड तैयार करना है।

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने 28 जुलाई को निर्देश जारी कर विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था शुरू करने कहा था। इसके बाद सरकारी स्कूलों में प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### अगस्त माह में ट्रायल, फिर सितंबर से अनिवार्य

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार अगस्त माह में ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था का ट्रायल चलेगा। इसके बाद सितंबर से इसे अनिवार्य किया जाएगा। इससे स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों की उपस्थिति का ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा और अधिकारी भी इसकी मॉनिटरिंग कर सकेंगे।

### ऐसा होगा सिस्टम

एजुकेशन पोर्टल 3.0 में स्टूडेंट मैनेजमेंट के अंतर्गत स्टूडेंट अटेंडेंस ऑप्शन में संबंधित कक्षा के सभी छात्र छात्राओं की सूची जारी होगी। शिक्षक को हर छात्र की स्थिति के अनुसार उपस्थित अनुपस्थिति या फिर अवकाश दर्शाना होगा। प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के क्लॉस में आने के बाद टीचर ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज करेंगे।

### कागजी रिकॉर्ड बंद

ऑनलाइन अटेंडेंस शुरू होने के बाद विद्यार्थियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड केवल रजिस्टर तक सीमित नहीं रहेगा। पोर्टल पर दर्ज जानकारी के आधार पर स्कूलवार और विद्यार्थीवार उपस्थिति की निगरानी कर सकेंगे। इससे अनुपस्थित बच्चों की पहचान हो सकेगी।

### इनका कहना है

कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की उपस्थिति पोर्टल पर दर्ज की जा रही है। ऑनलाइन उपस्थिति से विद्यार्थी उपस्थिति का रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा।
- डीडी रजक, जिला शिक्षा अधिकारी।

# तिरंगे के रंग में रंगा गैरतगंज गूंजा वंदे मातरम का जयघोष

### विधायक डॉ चौधरी तिरंगा यात्रा में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

हर घर तिरंगा अभियान और राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश जैन सिंघई, उपाध्यक्ष अशोक ठाकुर के नेतृत्व यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और आम नागरिक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर निकले विधायक डॉ चौधरी, नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई, विद्यार्थियों ने शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ के बाद यहां सामूहिक वंदे मातरम् का गायन किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चौक, मेन रोड से बस स्टैंड पहुंची। इसके बाद विधायक डॉ चौधरी, सुभाष जैन, नप उपाध्यक्ष अशोक ठाकुर सहित जनप्रतिनिधियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यार्थियों ने निकाली भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को नगर में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भव्य तिरंगा रैली निकाली। सांदीपनी स्कूल परिसर से शुरू हुई रैली नगर की गलियों, चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों से होती हुई तहसील कार्यालय परिसर पहुंची। रैली में विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

तिरंगों से सजी नगर की सड़कें देश भक्ति के रंग में रंगी नजर आईं। नगर परिषद ने नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता करते हुए अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। रैली में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक,



एसडीएम अलका सिंह, सीएमओ राकेश मिश्रा, अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, पुनीत समैया सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# एनएसयूआई की जिला कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अजय रघुवंशी एवं संगठन मंत्री राजकुमार मीणा ने एनएसयूआई की नई जिला कार्यकारिणी गठित की। जिला युवक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया।

कार्यकारिणी में साद अली को एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष, अंशुल उपाध्याय को ब्लॉक अध्यक्ष, संजू काकोड़िया को नगर अध्यक्ष, ऋषभ मालवीय को ब्लॉक उपाध्यक्ष और राजेंद्र मेहरा को स्वामी विवेकानंद कॉलेज अध्यक्ष नियुक्त किया। नियुक्तियों के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के समर्थन में शक्ति प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने गाड़ियों के काफिलों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली और पीएमश्री स्वामी विवेकानंद कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आगामी छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग की गई। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कहा कि छात्र अपने प्रतिनिधियों का चुनाव सीधे मतदान के माध्यम से कर सकें।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता की जय के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर में गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई जो नगर के तहसील प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः तहसील प्रांगण पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित हजारों



की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नगर के प्रथम नागरिक हेमंत राजा भैया चौधरी, भाजपा जिला किसान मोर्चा प्रभारी अवनीश पालीवाल, मनोज जैन, हीरेंद्र मालवीय, राजेंद्र ठाकुर, ठाकुर सिंह पटेल, अजय जैन और नगर के गणमान्य नागरिकों व्यापारियों युवाओं सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

यात्रा में युवाओं, महिलाओं, बच्चों और आम लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। भारत माता की जय के नारों से नगर का माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा।

### मुख्यमंत्री के संदेश का करेंगे वाचन

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय मुख्य समारोह 15 अगस्त को पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शहर के सागर रोड़ स्थित होमगार्ड परेड मैदान



खरगावली में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ध्वजारोहण करेंगे। समारोह में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान होगा। इसके बाद समारोह स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली झांकियां और अन्य आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। समारोह को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय बाड़ी में निकाली गई भव्य तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय, बाड़ी द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुमन तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पूरे मार्ग में देशभक्ति के नारे लगाए।

रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, थाना परिसर एवं नवीन तहसील कार्यालय मार्ग से होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। रैली में विद्यार्थियों ने नागरिकों को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा ध्वज फहराने का संदेश दिया।

इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने




विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासित एवं सुरक्षित रैली संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रैली में प्राचार्य श्रीमती सुमन तिवारी, एफओ एसआर मालवीय, अजय कुमार शर्मा, शिवाजी तोमर, बृजेश साहू, देवेंद्र नरवरिया, परशराम शिल्पी, राजेंद्र चौखुटिया, कमल गौर, संतोष चौहान, राधेलाल चौहान, शोभाराम रघुवंशी, सईद खान, राजकमल रघुवंशी, भूपेंद्र धाकड़ सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम में मालिनी बिजघावने, अनीता साहू, अनीता भावसार, किरण मरावी, पुष्पा धाकड़, प्रियंका गौर, फिरदौस अंजुम, पूजा शिल्पी, अंजू राजपूत तथा अन्य शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता तथा तिरंगे के सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### रास्ता बंद होने के बाद ग्रामीणों को हुई परेशानी

# तेज बारिश में बही पुलिया पर मरम्मत की, आवागमन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

क्षेत्र में दो दिन पहले करीब 10 घंटे तक हुई जोरदार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। कई ग्रामीणों के घरों में पानी भर गया, वहीं कई गांवों के रास्ते भी जलभराव और तेज बहाव के कारण बंद हो गए। इसी दौरान ग्राम पंचायत अंबाडी के डोला घाट की पुलिया के एक तरफ की मिट्टी तेज पानी के बहाव में बह गई, जिससे आवागमन बंद हो गया था।

स्थिति यह थी कि वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया था। रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत अंबाडी की सरपंच कुंती रमेश कुमार अहिरवार ने तत्काल पहल करते हुए पुलिया के क्षतिग्रस्त हिस्से में कोपरा और मुरम डलवाकर रास्ते को दूसरे ही दिन चालू करवाया।

ग्रामीणों के अनुसार डोला घाट की पुलिया का मुद्दा काफी पुराना है। वर्ष 2006 में भी तेज बारिश के दौरान यह पुलिया बह गई थी। इसके



बाद ग्रामीणों ने करीब दो दशक से अधिक समय तक पुलिया के स्थायी निर्माण की मांग जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से की। मांग और ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के बाद वर्ष 2024 में अंबाडी की पुलिया के निर्माण की सौगात मिली।

इसके बाद जनवरी 2025 में पुलिया का निर्माण पूरा होकर तैयार हुआ, जिससे ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब बारिश के दौरान आवागमन की समस्या दूर हो जाएगी। लेकिन हाल ही में हुई बारिश ने एक बार फिर पुलिया की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।

# स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएनएल का तोहफा, एक रुपए में मिलेगा 1 जीबी डेटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड अपने ग्राहकों के लिए विशेष योजनाओं और सेवाओं का पिटारा लेकर आई है।

एक रुपये का 'फ्रीडम 2.0' स्पेशल ऑफर ग्राहकों के लिए स्वतंत्रता दिवस पर पेश किया है, जिसके तहत यूजर्स को प्रतिदिन 1 जीबी डेटा और 100 एसएमएस मिलेंगे। यह ऑफर 12 अगस्त से 12 सितंबर तक लागू रहेगा। बीएसएनएल के प्रचालन क्षेत्र प्रमुख ने बताया कि इस संबंध में आगे की रणनीतियों और क्रियान्वयन पर चर्चा हेतु आज 14 अगस्त को सुबह 11 बजे बीएसएनएल रायसेन कार्यालय में बैठक आयोजित की गई है।

# खाद न मिलने से परेशान किसानों ने मंडी कार्यालय गेट में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रहा, जिसको लेकर पूर्व में इस समस्या को किसान संघ द्वारा ज्ञापन और मुखाग्र रूप से प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही, जिससे रुष्ट होकर 12 अगस्त बुधवार को किसानों ने कृषि उपज मंडी गेट पर ताला जड़ दिया।

बता दें कि किसानों को खाद नहीं मिलने की समस्या के समाधान को लेकर प्रशासनिक अधिकारी जिसमें एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार कृषि उपज मंडी स्थित खाद्य वितरण केंद्र पर गए थे। जहां कि प्रशासन के द्वारा व्यवस्था सुदृढ़ करने की कोशिश की जा रही थी की इसी दौरान खाद लेने आए किसानों के द्वारा कृषि उपज मंडी के गेट पर ताला जड़ दिया।

### अधिकारियों ने कहा- हम व्यवस्था बना रहे हैं

किसानों ने केंद्र प्रभारियों को हटाने की मांग की गई



हालांकि इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी द्वारा नाराज किसानों से चर्चा की गई, लेकिन बगैर नतीजा निकले इस दौरान मंडी का गेट खोलने के लिए ताले को तुड़वा रहे एसडीएम अंकित जैन पर पानी फेका ओर पत्थर भी मारा एसडीएम बाल बाल बचे। नाराज किसानों का कहना है कि खाद वितरण केंद्र प्रभारी कमलेश पटेल बीते 15 वर्षों से जमे हुए है किसानों ने कहा कि कमलेश पटेल को यहां से हटाया जाए।

इस संबंध में एसडीएम अंकित जैन का कहना है कि व्यवस्था बना रहे है। वहीं दूसरी ओर किसानों ने कहा कि प्रशासान अगर चाहे तो किसान परेशान ना हो अगर खाद सोसायटियों को दिया जाए।

### लिखित परीक्षा के बाद 6 टीमों के बीच हुआ मौखिक मुकाबला

# पर्यटन क्विज में 74 स्कूलों के 222 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मध्यप्रदेश में पर्यटन स्थलों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता और रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के पूर्व नामांकित 116 विद्यालयों में से 74 स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। कुल 222 विद्यार्थी प्रतियोगिता में शामिल हुए। इनके साथ मार्गदर्शी शिक्षक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती स्वाती चौहान ने मां सरस्वती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। सुबह 8.30 बजे प्रतियोगी दलों का पंजीयन हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों को नाश्ता कराया गया। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक विभिन्न कक्षों में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान निर्धारित पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में विद्यार्थियों ने पर्यटन से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए।




### दस्तावेजी फिल्म दिखाई, फिर हुआ मूल्यांकन

लिखित परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित मूल्यांकनकर्ताओं ने किया। इसी दौरान प्रतिभागियों को पर्यटन से संबंधित ज्ञानवर्धक और उपयोगी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। मूल्यांकन के आधार पर लिखित प्रतियोगिता में प्रथम छह स्थान प्राप्त करने वाली टीमों की घोषणा की गई। घोषणा के बाद विद्यार्थियों ने विजेता टीमों का करतल ध्वनि से स्वागत किया।

### 10 राउंड में रोमांचक मुकाबला

दोपहर 2.30 बजे मौखिक प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रशिक्षित क्विज मास्टर अभिषेक अग्निहोत्री के नेतृत्व में प्रथम 6 टीमों के बीच 10 राउंड में सवाल-जवाब हुए। हर राउंड के बाद दर्शकों से भी प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले दर्शक प्रतिभागियों को मौके पर ही पुरस्कृत किया।

### सांदीपनि स्कूल पाटनदेव और उत्कृष्ट स्कूल टीम रही आगे

मौखिक क्विज के परिणाम में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीमों में उमावि सॉचेत, सांदीपनि विद्यालय पाटनदेव रायसेन और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन शामिल रहीं। वहीं हाईस्कूल नरवर, अशासकीय संत फ्रांसिस कॉन्वेंट हासे स्कूल रायसेन और शासकीय सांदीपनि विद्यालय उदयपुरा की टीमों को उपविजेता के रूप में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के जेडी डॉ. एसके श्रीवास्तव का मार्गदर्शन भी प्रतिभागियों को मिला। निर्धारित कूपन विजेता और उपविजेता टीमों को वितरित किए।

इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन, एडीपीसी एमआर बागड़ी, सीएम राइज सांची के प्राचार्य अनिल दीक्षित, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य स्वाती चौहान, शिक्षक पवन सोनी, विनोद खत्री, सूर्यप्रकाश सक्सेना, हेमंत तिलचौरिया और संजय रघुवंशी मौजूद रहे।